Regarding request for inclusion of history of Pasi community in school curriculum

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि पासी समाज के राजा-महाराजाओं का इतिहास अत्यंत समृद्ध, प्रभावशाली और जनकल्याणकारी रहा है । महाराजा बिजली पासी, महाराजा लाखन पासी, महाराजा सातन पासी, महाराजा सुहेलदेव पासी और कई अन्य शासकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शासन व्यवस्था, सामाजिक संगठन और जनहित के कार्यों की सुदृढ़ परम्परा स्थापित की है । महाराजा समसा पासी के दो पुत्र सलीहा पासी और मलीहा पासी ने क्रमश: सलीहा पासी ने संडीला बसाया तथा मलीहा पासी ने मलिहाबाद बसाया ।

इन शासकों के योगदान और उनकी गौरवशाली विरासत को आज भी इतिहास के पाठ्यक्रम में स्थान प्राप्त नहीं हुआ है । अत: मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि पासी समाज के राजा-महाराजाओं के इतिहास को विद्यालयों के इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु आवश्यक निर्णय लिया जाए ताकि उनकी ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए उसे युवा पीढ़ी तक सही रूप से पहुँचाया जा सके । धन्यवाद ।